(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

# सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

**प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३**

**दूरभाषः** (0755) 2761225, **ई-मेलः** ***vidyabhartibpl@gmail.com***

***Web: www.vidyabhartimp.org,***

पंजीयन क्र.-17195

**पत्र क्रमांक : 519/2021** **दिनांक- 07/10/2021**

## संशोधित पत्र

**प्रति,**

**श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य महोदय,**
**समस्त सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर,**
**मध्यभारत प्रान्त**

बन्धु/ भगिनी,

सप्रेम नमस्कार।

अपने प्रान्त मे इस वर्ष भी प्रान्तीय संस्कृति महोत्सव संपन्न होने जा रहा है। सत्र 2021-22 का संस्कृति महोत्सव ऑनलाइन रहेगा। जो विद्यालय/जिला/विभाग/प्रांत और क्षेत्र स्तर पर संपन्न होगा। संस्कृति महोत्सव की नियमावली एवं कार्यक्रम संबंधी विस्तृत जानकारी आपकी ओर प्रेषित है।

नियमावली में दिए गए सभी कार्यक्रम विद्यालयों को लागू करना अनिवार्य है ताकि सभी कार्यक्रम प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके।

## प्रान्तीय संस्कृति महोत्सव सत्र 2021-22

**प्रतियोगिता की वर्ग रचना -**

01 शिशु वर्ग - कक्षा चतुर्थी एवं पचंमी 02 बाल वर्ग - कक्षा षष्ठी से अष्टमी तक
03 किशोर वर्ग - कक्षा नवमी से दसवीं 04 तरुण वर्ग - कक्षा एकादशी से द्वादशी

**प्रतियोगिता का स्तर, तिथि एवं आयोजन स्थल-**

01 विद्यालय स्तर - प्रधानाचार्य/प्राचार्य निर्धारित करेंगे
02 जिला स्तर - विभाग समन्वयक अपनी सुविधानुसार तय करेंगें
03 विभागीय स्तर - विभाग समन्वयक अपनी सुविधानुसार तय करेंगें
04 प्रांत स्तर - प्रांत अपनी सुविधानुसार तय करेंगे
05 क्षेत्र स्तर - 14 नवम्बर 2021

**प्रतियोगिता के नाम-**

01. व्यक्तिगत गीत 02. रंगोली प्रतियोगिता 03. चित्रकला प्रतियोगिता
04. तात्कालिक भाषण (किशोर एवं तरुण वर्ग) 05. कथाकथन (शिशु एवं बाल वर्ग)
06. एकल अभिनय 07. एकल भजन 08. प्रश्न मंच
09. कविता पाठ (प्रान्त स्तर तक) 10. आचार्य पत्र वाचन

कोई भी प्रतिभागी केवल एक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।

**01 व्यक्तिगत गीत-**

- गीत हिंदी भाषा में ही होना चाहिए, क्षेत्रीय भाषा में गीत मान्य नहीं होगा।
- व्यक्तिगत गीत में प्रस्तावना एवं अलाप का उपयोग न करें

E:\P- 18-19\sansakrti Gyan & bhodh,

- गीत में न्यूनतम दो चरण और अधिकतम तीन चरण होना चाहिए।
- गीत राष्ट्रभक्ति परक एवं प्रेरणा देने वाला होना चाहिए।
- गीत में वाद्य यंत्रों का प्रयोग वर्जित रहेगा।
- गीत का वीडियो प्रतियोगिता के दिनांक को ही दिए गए समय में बना कर व्हाट्सएप पर देना है।

**02. रंगोली प्रतियोगिता-**

01. रंगोली प्रतियोगिता के लिए 2 X 2 फीट का स्थान नियत रहेगा
02. रंगोली बनाने की समय सीमा अधिकतम 60 मिनट रहेगी।
03. प्रतिभागी चाक, पेंसिल से रेखांकन न करें और ना ही किसी उपकरण का उपयागे करें।
04. रंगोली में काले रंग का उपयोग नहीं करें।
05. रंगोली में देवी देवता अथवा महापुरुषों के चित्र ना हो।
06. रंगोली में रंगों के अतिरिक्त अन्य सामग्री का उपयोग वर्जित रहेगा।

**रंगोली का विषय**- रंगोली एक प्राचीन कला है जो हो गृह सज्जा, द्वार सज्जा एवं देव पूजा में प्रयोग की जाती है इसे अल्पना या चौक पूरना भी कहते हैं। इसमें विभिन्न सांस्कृतिक चिहों का साज-सज्जा के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

**03. चित्रकला प्रतियोगिता**-

01. शिशु वर्ग - पेंसिल एवं मोम के रंग से स्वयं के चुने विषय पर चित्र बनाना है।
02. बाल वर्ग - जल रंग से भारत माता का चित्र बनाना है। चित्र की संस्कृति विद्या भारती कुरुक्षेत्र द्वारा प्रकाशित चित्रमाला पर आधारित होना चाहिए। प्रतिभागियों को चित्र आयोजकों द्वारा व्हाट्सएप पर दिया जावेगा।
03. किशोर वर्ग - अमर शहीद श्री चन्द्रशेखर आजाद
04. तरुण वर्ग - अयोध्या के राजा राम

**आलोक-** शिशु तथा बाल वर्ग के प्रतिभागियों को ड्राइंगशीट के चौथाई भाग 11 X 14 (इंच ) का उपयोग करके चित्र बनाना है। किशोर और तरुण वर्ग के प्रतिभागियों को ड्राइंगशीट का आधा भाग 14 X 22 (इंच) का उपयोग करना है। सभी वर्गों के लिए समय सीमा अधिकतम 60 मिनट रहेगी। सभी वर्गों में स्केच पेन का उपयोग वर्जित रहेगा

**04. तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता (किशोर एवं तरुण वर्ग)-**

01. किशोर वर्ग - समय सीमा 6 मिनट
02. तरुण वर्ग - समय सीमा 6 मिनट

**विषय-** विभिन्न समसामयिक विषय, (Current Affairs)

तात्कालिक भाषण का विषय निर्णायकों द्वारा पर्ची उठाकर बताया जावेगा जो प्रतिभागी को फोन पर या व्हाट्सएप पर सूचित किया जाएगा उसके पश्चात प्रतिभागी अपने विषय के भाषण का वीडियो बनाकर आयोजको द्वारा दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर भेजा जाएगा, निर्णायकगण वीडियो सुनकर मूल्यांकन करेंगे।

**05. कथाकथन प्रतियोगिता (शिशु एवं बाल वर्ग)-** सभी वर्गों में समय सीमा अधिकतम 5 मिनिट रहेगी

**विषय -** प्रेरक ऐतिहासिक, प्रेरक पौराणिक आख्यान या प्रेरक लोककथा पर आधारित कथा। प्रतिभागी किसी भी एक विषय पर अपने कथाकथन का वीडियो बनाकर आयोजकों को देंगे।

01. शिशु वर्ग - समय सीमा 5 मिनट
02. बाल वर्ग - समय सीमा 5 मिनट

E:\P- 18-19\sansakrti Gyan & bhodh,

**06. एकल अभिनय प्रतियोगिता–** समय सीमा 5 मिनट रहेगी

- संवाद पार्श्व संगीत के लिए किसी भी संगत कलाकार या टेप रिकॉर्डर का उपयोग वर्जित है
- एकल अभिनय में सांस्कृतिक मर्यादाओं का ध्यान रखें, अश्लील, शराबी, चोरी आदि का अभिनय वर्जित रहेगा।
- प्रतिभागियों को अपने अभिनय का वीडियो बनाकर आयोजकों को भेजना होगा।

**07. एकल भजन प्रतियोगिता–** सभी वर्गों के लिए समय सीमा अधिकतम 5 मिनट रहेगी

भजन प्रतियोगिता में प्रतिभागी वाद्य यंत्रों का संगीत कलाकारों का अथवा टेप रिर्कार्डर के माध्यम से संगीत ले सकते हैं। प्रतिभागी को अपने भजन का वीडियो बनाकर आयोजकों को भेजना होगा। प्रतियोगिताओं के वीडियो व्हाट्सएप पर भेजने के स्थान पर टेलीग्राम एप से भेजें ताकि वीडियो की साइज बड़ी होने पर भी वह आयोजकों को प्राप्त हो जाए इसके लिए आप अपने मोबाइल पर टेलीग्राम एप डाउनलोड कर लेवे इसका डाउनलोड करने वह चलाने की प्रोसेस व्हाट्सएप एप की तरह ही है।

**08. प्रश्न मंच प्रतियोगिता–**

- प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सभी पुस्तकें सत्र 2020–21 की ही होगी।
- प्रश्न मंच प्रतियोगिता जूम एप पर संपन्न होगी।
- प्रश्न पूछने के पश्चात उत्तर देने का समय 20 सेकण्ड रहेगा।
- प्रश्न पूछने का क्रम निर्णायक निर्धारित करेंगे।
- टीम कहां पर बैठे यह निर्णय स्थानीय स्तर पर आयोजक करेंगे।

**09. कविता पाठ–** सभी वर्गों के लिए समय सीमा अधिकतम 5 मिनट रहेगी

कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागी को अपने कविता पाठ का वीडियो बनाकर आयोजकों को भेजना होगा। प्रतियोगिताओं के वीडियो व्हाट्सएप पर भेजने के स्थान पर टेलीग्राम एप से भेजें ताकि वीडियो की साइज बड़ी होने पर भी वह आयोजकों को प्राप्त हो जाए इसके लिए आप अपने मोबाइल पर टेलीग्राम एप डाउनलोड कर लेवे इसका डाउनलोड करने वह चलाने की प्रोसेस व्हाट्सएप एप की तरह ही है।

**10. आचार्य पत्र वाचन–**

**विषय–** आचार्य भारतीय संस्कृति का पोषक कैसे बने?

(How Teacher became a nurturer of Indian culture)

नियम - समय सीमा 7 मिनट

- इस कार्यक्रम में प्रत्येक विभाग से एक आचार्य द्वारा उपरोक्त विषय पर दृश्य एवं श्रव्य माध्यमों का प्रयोग करते हुए अपना पत्र वाचन करते हुए वीडियो बनाकर आयोजको द्वारा दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर भेजा जाएगा, निर्णायकगण वीडियो सुनकर मूल्यांकन करेंगे।

संस्कृति महोत्व की सभी प्रतियोगिताएं निःशुल्क रहेगी और प्रमाण पत्र ऑनलाइन ही प्राप्त होंगे।

सभी प्रतियोगिता में 3 निर्णायक होंगे, जो गुगल फार्म के उपयोग के जानकार हो, उनके अंक पत्रों को जोड़कर सर्वाधिक अंक वाले को विजेता घोषित किया जावेगा।

## प्रांतीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता दिनांक 9 नवम्बर 2021 को आयोजित होगी जिसके विषय एवं स्थान इस प्रकार रहेगे–

1. रंगोली - शिक्षा नगर मुरैना विभाग ग्वालियर,
   संयोजक– श्री राजेश जी गोस्वामी प्राचार्य
2. प्रश्न मंच - दीनदयाल कालोनी भोपाल विभाग भोपाल, श्री दिनेश सिंह जी राठौर

E:\P- 18-19\sansakrti Gyan & bhodh,

3. भजन - भरतगढ़ दतिया विभाग शिवपुरी, संयोजक श्री राजेश जी लिटौरिया
4. गीत - नदीद्वार ग्वालियर विभाग ग्वालियर, संयोजक श्रीमती कल्पना सिकरवार
5. कथा कथन - अशोक नगर विभाग शिवपुरी, संयोजक श्री मुकुट बिहारी शर्मा
6. एकल अभिनय - कालापाठा बैतूल विभाग नर्मदापुर, संयोजक श्रीमती शीला वाले दीदी
7. तात्कालिक भाषण- राजगढ़ विभाग राजगढ़, संयोजक श्री रविन्द्र जी खाखरे
8. चित्रकला - महावीरपुरा गुना विभाग राजगढ़, संयोजक श्री अंकित जी शुक्ला
9. कविता पाठ - हरदा विभाग नर्मदापुर, संयोजक श्री संजय जी उपाध्याय
10. पत्र वाचन (आचार्य दीदी)- श्री लज्जाराम तोमर प्रशिक्षण संस्थान हर्षवर्धन नगर भोपाल विभाग भोपाल संयोजक. श्री राजेन्द्र सिंह जी परमार

**आलोक-** संस्कृति महोत्सव की अन्य जानकारी के संबंध में संस्कृति बोध परियोजना प्रान्त प्रमुख श्री पुरुषोत्तम जोशी से सम्पर्क कर सकेंगे।

**क्षेत्र स्तर** - **दिनांक 14 नवम्बर 2021** क्षेत्र स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन ऑनलाईन द्वारा किया जायेगा।

**अखिल भारतीय स्तर** - **दिनांक 20 नवम्बर 2021**- कथाकथन (शिशु एवं बाल वर्ग) एवं पत्रावाचन (आचार्य वर्ग)
**दिनांक 21 नवम्बर 2021-** तात्कालिक भाषण (किशोर एवं तरूण वर्ग)
अ.भा. स्तर पर उपरोक्त कार्यक्रमों का आयोजन ऑनलाईन द्वारा किया जायेगा।

**भवदीय**

**(शिरोमणि दुबे)**
**प्रादेशिक सचिव**

**प्रतिलिपि-**

1. श्रीमान निदेशक महोदय, विद्याभारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरूक्षेत्र (हरियाणा)
2. श्रीमान अध्यक्ष/संगठन मंत्री/सहसंगठन मंत्री, मध्यभारत प्रान्त।
3. श्रीमान क्षेत्र प्रमुख, संस्कृति बोध परियोजना मध्यक्षेत्र।
4. श्रीमान प्रान्त प्रमुख एवं समस्त विभाग समन्वयक मध्यभारत प्रान्त सूचनार्थ।

**भवदीय**

**(शिरोमणि दुबे)**
**प्रादेशिक सचिव**

E:\P- 18-19\sansakrti Gyan & bhodh,